गंदे पेयजल के लिए नगर निगम को कोसा

- 90 आरडब्ल्यूए के संयुक्त संगठन ने की बैठक
- प्रतिनिधियों ने सीवर जाम का मुद्दा भी उठाया

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता : शहर की करीब 90 आरडब्ल्यूए के संयुक्त संगठन कान्फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की सामान्य सभा की बैठक में शहर के विभिन्न इलाकों में गंदा पेयजल आपूर्ति होना व सीवर जाम का मुद्दा प्रमुख रूप से उठा।

फेडरेशन के प्रधान टीडी जटवानी की अध्यक्षता में हरियाणा पर्यटन निगम के मैगपाई पर्यटक स्थल पर आयोजित बैठक में विभिन्न आरडब्ल्यूए के प्रधान व महासचिवों ने नगर निगम को प्रमुख रूप से अपने निशाने पर रखते हुए इसके लिए आंदोलन छेड़ने का आह्वान किया। आरडब्ल्यूए सेक्टर-11 के प्रधान बीएस राघव व सेक्टर-16 आरडब्ल्यूए के भूषण शर्मा ने कहा कि नगर निगम ने पानी की दरें तो बढ़ा दीं, लेकिन समुचित और शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने बारे उसने कोई कदम उठाना मुनासिब नहीं समझा। फेडरेशन अध्यक्ष जटवानी ने उपमहापौर बसंत विरमानी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वह इस बात के लिए नगर निगम पर जोर डालें कि पानी की दरें तभी बढ़ें, जब लोगों को शुद्ध व पूरा पानी मिले।

16ए के कैशियर गुरिंद्र चोपड़ा ने कहा कि पार्कों में माली नहीं आते, नगर निगम के माली अफसरों व राजनेताओं की कोठियों को सजाने संवारने में लगे रहते हैं। गुरिंद्र ने फेडरेशन से निजी स्कूलों द्वारा की गई फीस वृद्धि के मामले को भी पुरजोर ढंग से उठाने की मांग की। सेक्टर-3 के प्रधान बीएस जैन व सेक्टर-21सी के प्रधान मेजर विजय कुमार ने अपने क्षेत्र में बारिश के पानी की निकासी न होना और बंदरों के उत्पात संबंधी मुद्दे रख इस का समाधान कराने की मांग की। सेक्टर-28 के प्रधान कैप्टन पीके शर्मा ने ग्रीनबेल्ट पर

कान्फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की सामान्य सभा की बैठक में अपनी बात रखते प्रधान टीडी जटवानी व महासचिव एएस गुलाटी। जागरण

अवैध रूप से बसी मछली मार्केट व क्षेत्र में अंधकार होने, जिससे असामाजिक तत्वों का बोलबाला होने की समस्या रखी। सेक्टर-29 हाउसिंग बोर्ड कालोनी के प्रधान सरदार जगजीत सिंह ने पेयजल में मिट्टी का आना और इस बारे में नगर निगम द्वारा कोई सुनवाई न करने व बाईपास रोड पर कूड़ा डंप होने का मुद्दा उठाया। नेहरू ग्राउंड विकास समिति के प्रधान सुरेश सब्बरवाल ने रिहायशी क्षेत्र में स्टील मार्केट से आए दिन पैदा हो रही समस्या को रखा। स्प्रिंगफील्ड कालोनी के महासचिव देशराज चौहान ने कालोनी में एमसीएफ व विद्युत निगम के बीच की लड़ाई में एलटी लाइन न बिछने व सुरक्षा का मुद्दा उठाया। इसके अलावा कई अन्य आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने सड़कों की मरम्मत न होने, स्ट्रीट लाइट का अभाव, पार्कों में गंदगी, ग्रीनबेल्ट पर अतिक्रमण आदि के मामले रखे। फेडरेशन संरक्षक बसंत विरमानी, अध्यक्ष टीडी जटवानी व महासचिव एएस गुलाटी ने विभिन्न मुद्दों व समस्याओं को प्रशासन और सरकार के सामने प्रमुखता से रखने एवं इनके उचित समाधान का आश्वासन दिया। फेडरेशन के उपाध्यक्ष आरपी नागपाल ने तो यहां तक कहा कि वह स्वयं इन समस्याओं के समाधान के लिए भूख हड़ताल पर बैठने को तैयार हैं, जिसका कई एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने समर्थन किया। इस अवसर पर प्रधान जटवानी व गुलाटी ने अपनी उपलब्धियों व सरकार के समक्ष उठाए गए मेडिकल कालेज, बदरपुर व मेट्रो रेल, नगर निगम में अधिकारियों पर काम का लोड अधिक होने संबंधी होने मुद्दों व इनमें से कई के समाधान होने की जानकारी सदस्यों को दी।